# सैनिक भर्ती रैली, कवर्धा, जिला – कबीरधाम(छ.ग.)

## दिनाँक : 11 अप्रैल 2013 से 17 अप्रैल 2013

## स्थान : स्टेडियम कवर्धा (करपात्री स्कूल के पास) जिला – कबीरधाम (छ.ग.)

**भर्ती रैली में मोबाईल लाना सख्त मना है । उम्मीदवार के पास चेकिंग के समय या रैली के दौरान मोबाईल पाये जाने पर उसे निलंबित किया जावेगा ।**

स्थायी शारीरिक गोदना सिर्फबाजू के अंदर के हिस्से (कोहनी के निचले हिस्से से कलाई तक) एवं हथेली के पीछे के हिस्से पर ही मान्य है । स्थायी शारीरिक गोदना शरीर के अन्य हिस्से पर मान्य नहीं है और उम्मीदवार सेना भर्ती के लिए अयोग्य है और भर्ती प्रक्रिया से वंचित किया जावेगा । अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों जिनके चेहरे या शरीर पे मौजूदा रीति–रिवाजों व परंपराओं के अनुसार गोदना लगा हुआ है, उन्हें चयन प्रक्रिया के लिये अनुमति गोदना की जाँच पडताल के बाद दी जायेगी ।

## भर्ती रैली की जिलेवार समय सारणी

| क्र. | तारीख | पद का नाम | जिलो के नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 11अप्रैल2013 | सैनिक सामान्य ड्यूटी (10 वीं) / लिपिक / ट्रेडमैन | बस्तर, कौंडागाँव, दंतेवाडा, नारायणपुर |
| 2. | 12अप्रैल2013 | सैनिक सामान्य ड्यूटी (10 वीं) / लिपिक / ट्रेडमैन | सरगुजा, सूरजपुर, बालोद और बेमेतरा |
| 3. | 13अप्रैल2013 | सैनिक सामान्य ड्यूटी (10 वीं) / लिपिक / ट्रेडमैन | दुर्ग, जांजगीर–चांपा, धमतरी, कोरबा, जशपुर |
| 4. | 14अप्रैल2013 | सैनिक सामान्य ड्यूटी (10 वीं) / लिपिक / ट्रेडमैन | कबीरधाम, कांकेर, राजनाँदगाँव, महासमुंद, कोरिया |
| 5. | 15अप्रैल2013 | सैनिक सामान्य ड्यूटी (10 वीं) / लिपिक / ट्रेडमैन | रायपुर, बिलासपुर, मुंगेली, गरियाबंद, बलौदाबाजार, और रायगढ |
| 6. | 16अप्रैल2013 | सैनिक नर्सिंग सहायक / सैनिक तकनीकी ड्रेसर / सैनिक तकनीकी | सभी जिले के उम्मीदवार |
| 7. | 17अप्रैल2013 | (Aptitude Test) | सभी जिलों के चयनित सैनिक ट्रेडमैन उम्मीदवारों की अभिक्षमता परीक्षण |

## आवश्यक योग्यताएँ

| पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता | आयु | शारीरिक योग्यता | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | कद सेमी. | वजन किग्रा. | छाती सेमी |
| सैनिक सामान्य ड्यूटी | 10 वीं कक्षा पास (45 अंको में उत्तीर्ण तथा प्रत्येक विषय में कम से कम 32% अंक प्राप्त किये हो) यदि प्रार्थी ने 12 वीं पास की हो तो 10 वीं कक्षा में उत्तीर्ण अंक ही पर्याप्त होंगे । | 17 से 21 वर्ष | 168 | 50 | 77/82 |
| सैनिक लिपिक (क्लर्क) / स्टोर कीपर | 12वीं पास या समकक्ष पास (कला, वाणिज्य या विज्ञान विषयों में) कम से कम कुल 59 प्रतिशत अंक और प्रत्येक विषय में कम से कम 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो । 10वीं या 12वीं में अंग्रेजी तथा गणित में कम से कम 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए । यदि प्रार्थी स्नातक में अंग्रेजी और गणित से उत्तीर्ण है तो 10 वीं व 12 वीं में प्रत्येक विषय में 40 प्रतिशत अंक होना आवश्यक नहीं । | 17 से 23 वर्ष | 162 | 50 | 77/82 |
| सैनिक नर्सिंग सहायक | 12वीं या समकक्ष पास (अंग्रेजी, भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान विषयों में कम से कम कुल 50 प्रतिशत अंकों के साथ और प्रत्येक विषय में कम से कम 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो और यदि बॉटनी बॉयोलॉजी, बायोसाइंस एवं अंग्रेजी विषय के साथ बी.एस.सी. उत्तीर्ण की है तो 12वीं या समकक्ष में प्रतिशत लागू नहीं है) | 17 से 23 वर्ष | 167 | 50 | 77/82 |
| सैनिक तकनीकी (ड्रेसर) | 12वीं या समकक्ष पास (अंग्रेजी, भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान विषयों में कम से कम कुल 50 प्रतिशत अंकों के साथ और प्रत्येक विषय में कम से कम 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो और यदि बॉटनी बॉयोलॉजी, बायोसाइंस एवं अंग्रेजी विषय के साथ बी.एस.सी. उत्तीर्ण की है तो 12वीं या समकक्ष में प्रतिशत लागू नहीं है) | 17 से 21 वर्ष | 167 | 50 | 77/82 |
| सैनिक तकनीकी | 12वीं अंग्रेजी, भौतिक, रसायन विज्ञान गणित विषयों के साथ उत्तीर्ण हो । | 17 से 23 | 167 | 50 | 76/81 |
| सैनिक ट्रेडमेन 8 वीं पास | आठवीं और उच्च शिक्षा प्राप्त | वर्ष 17 | 168 | 48 | 76/81 |
| सैनिक ट्रेडमेन 10 वीं पास | 10 वीं और उच्च शिक्षा प्राप्त | से 23 वर्ष | 168 | 48 | 76/81 |

7. भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिये प्रत्याशी के पास निम्न मूल प्रमाण पत्र और छायाप्रति (Photo copy) होना आवश्यक है ।

क. शिक्षा का प्रमाण पत्र – 10वीं व 12वीं और उच्च शिक्षा (सैनिक ट्रेडमैन को छोडकर) 10वीं पास और उच्च शिक्षा सैनिक ट्रेडमैन (हाउस कीपर और मेस कीपर को छोडकर) 8 वीं पास सैनिक ट्रेडमैन (केवल हाउस कीपर और मेस कीपर)

ख. निवासी प्रमाण पत्र – जिलाधीश अथवा तहसीलदार द्वारा जारी किया हो ।

ग. चरित्र प्रमाण पत्र – ग्राम पंचायत / सरपंच / परिषद / स्कूल प्रधानाचार्य अगर उसी स्कूल में कार्यरत हो अन्यथा थाना प्रभारी द्वारा 29 मई 2012 के बाद का जारी किया गया हो ।

घ. जाति प्रमाण पत्र – जिलाधीश अथवा तहसीलदार द्वारा जारी किया हुआ (सभी जातियों) सामान्य जाति के लिए नौकरी में जारी शपथ पत्र पर जाति लिखा हुआ तथा सरपंच के मुहर एवं प्रतिहस्ताक्षर हो ।

ड. शपथ पत्र – प्रस्तुत किये गये प्रमाण पत्र लाना आवश्यक है । 10 रू. के स्टॉम्प पर दिये प्रारूप शपथ पत्र जिला के सक्षम अधिकारी से सत्यापित होना आवश्यक है ।

## प्रारूप शपथ पत्र

मैं ----------पुत्र श्री ----------निवासी-------
----------डाकघर----------तहसील----------ग्राम----------
----------इस शपथ पत्र के द्वारा प्रमाणित करता हूँ कि मैंने सेना की भर्ती दौरान जो भी दस्तावेज प्रस्तुत किया है, वे सभी असली है । वे सभी दस्तावेज सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी किए गए है और इन दस्तावेजों को जारी कराने में किसी भी तथ्य को छुपाया नहीं गया है । यदि वे दस्तावेज भर्ती के दौरान या भर्ती के बाद भविष्य में जाली पाए गए तो मुझे नौकरी से निकाल दिया जाय साथ ही मेरे विरूद्ध प्रथम सूचना प्रतिवेदन (Fir Lodge) करते हुये पुलिस कार्यवाही की जाय । कार्यवाही से मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी । मैं इसके लिए सहमत हूँ ।

शपथकर्ता के हस्ताक्षर

2. भूतपूर्व / सेवारत सैनिक पुत्र होने का प्रमाण पत्र – अभिलेख कार्यालय (रिकार्ड ऑफिस) द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें प्रमाण पत्र सी.आर.ओ. या एस.आर.ओ. या अभिलेख कार्यालय के किसी अधिकारी का निर्धारित प्रारूप पर हस्ताक्षर, व्यक्तिगत नंबर, रैंक, नाम एवं पदभार अंकित किया ही मान्य होगा । भूतपूर्व / सेवारत सैनिक पुत्र को निम्नलिखित छुट मिलती है :– (क) कद – 2 सेमी. (ख) छाती – 1 सेमी. (ग) वजन – 2 किग्रा. नोट – अतिरिक्त 20 बोनस अंक लिखित परीक्षा में सिर्फपास होने पर ।

3. खिलाडियों के लिए छूट : राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पिछले दो साल में भाग लेने पर और स्कूल / कालेज / जिला बोड विश्वविद्यालय / राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पहली या दूसरी श्रेणी पिछले दो सौलों से प्राप्त होने पर निम्न छूट मिलती है –(क) कद – 2 सेमी. (ख) छाती – 3 सेमी. (ग) वजन – 5 किग्रा.
नोट :– लिखित परीक्षा में पास होने पर अतिरिक्त बोनस अंक 20 अंक अंतर्राष्ट्रीय, 15 अंक राष्ट्रीय, 10 अंक राज्य एवं 5 अंक विश्वविद्यालय या जिला स्तर पर भाग लेने पर ।

4. एन.सी.सी. के ए,बी और सी प्रमाण पत्र धारक को निम्न लिखित फायदे हैं ।
क. ए प्रमाण पत्र धारक को 5 बोनस अंक मिलेंगे । (ख) बी. प्रमाण पत्र धारक को 10 अंक (ग) सी प्रमाण पत्र धारक को 15 बोनस अंक मिलेंगे तथा सैनिक सामान्य ड्यूटी और सैनिक ट्रेडमैन को लिखित परीक्षा में छूट मिलेगी ।
नोट :– उपरोक्त संख्या 2, 3 और 4 में सबसे फायदेमंद वाला 1 बोनस दिया जायेगा ।

5. अनुसूचित जनजाती उम्मीदवारों के लिए फायदे – क. ऊंचाई – 162 सेमी. ख. वजन – 48 किग्रा. ग. शिक्षा – 8वीं पास (केवल सैनिक सामान्य ड्यूटी (अनुसूचित जनजाती) पद / सैनिक ट्रेडमैन उम्मीदवारों के लिए)
नोट – अनुसूचित जनजाती उम्मीदवारों :– लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी होने से पहले अनुसूचित जनजाती उम्मीदवार अपनी पसंद देगा कि वह किस श्रेणी का लिखित पेपर (8वीं / 10वीं के पाठ्यक्रम पर आधारित पेपर) देना चाहता है ।
क. यदि 10 वीं पर आधारित पेपर दिया गया है तो वह सामान्य श्रेणी मेरिट लिस्ट मे ही माना जायेगा जिसके रिक्त पद अधिक होते हैं । (ख) यदि 8 वीं पर आधारित पेपर दिया गया है तो उम्मीदवार अनुसूचित जनजाती श्रेणी को ही मेरिट लिस्ट में माना जायेगा जिनकी संख्या तुलनात्मक कम होती है ।

6. सिर्फलिपिक अभ्यर्थियों को जिनके पास ओ. प्लस स्तर का कम्प्यूटर प्रमाण पत्र जो कि डी.ओ.ई.ए.सी.सी. सोसायटी द्वारा जारी किया हो उसे 15 अंक लिखित परीक्षा में अतिरिक्त मिलेंगे ।

शारीरिक क्षमता परीक्षा के अंक –

7. एक मील (1600 मीटर) की दौड के अंक इस प्रकार है :– (क) 05 मिनट 40 सेकेंड तक – 60 अंक (ख) 05 मिनट 41 सेकेंड से 05 मिनट 50 सेकेंड तक – 48 अंक (ग) 05 मिनट 51 सेकेंड से 06 मिनट 5 सेकेंड तक – 36 अंक (घ) 06 मिनट 06 सेकेंड से 06 मिनट 20 सेकेंड तक 24 अंक (ड) 06 मिनट 20 सेकेंड के बाद – फेल

8. बीम अंदर से पकडकर के अंक इस प्रकार है – (क) 10 बीम लगाने पर – 40 अंक (ख) 09 बीम लगाने पर 33 अंक (ग) 08 बीम लगाने पर 27 अंक (घ) 07 बीम लगाने पर 21 अंक (च) 06 बीम लगाने पर 16 अंक (छ) 06 बीम लगाने पर – फेल ।

9. निम्न शारीरिक परीक्षा भी पास करनी आवश्यक होगी – क. 09 फीट गढ्ढा कूदना (ख) बैलेंसिंग बीम पर चलना ।

10. वेतनमान एवं अन्य सुविधाएँ – (क) ट्रेनिंग के दौरान 5700/–रू. तथा सिपाही बनने के पश्चात् 13000/–रू. प्रतिमाह भत्ता तथा सेवानिवृत्ति पर आकर्षक पेंशन । (ख) भोजन, निवास एवं मुफ्त वर्दी (ग) सैनिक चिकित्सालय में मुफ्त चिकित्सा (घ) वर्ष में 60 दिन का वार्षिक अवकाश और 50 दिन का आकस्मिक अवकाश । (च) अवकाश पर यूनिट से घर जाने के लिए वर्ष में मुफ्त रेल सफर एक / दो बार ।

## हिदायत

1. इस भर्ती में आवेदन पत्र भरने की जरूरत नहीं है ।
2. 21 वर्ष से कम आयु की शादी–शुदा उम्मीदवार भर्ती योग्य नहीं है ।
3. याद रखें कि भर्ती प्रक्रिया में आप अपने जोखिम में हिस्सा लेंगे, इस दौरान कोई चोंट या हादसा होने पर सेना की कोई जवाबदारी नहीं होगी ।
4. उम्मीदवार से अनुरोध है कि वो भर्ती के दौरान रैली ग्राउंड में मोबाईल फोन साथ लेकर न आवें ।
5. उम्मीदवार से अनुरोध है कि अपने साथ ग्राम, पोस्ट, तहसील तथा तारघर, जिले का पिन कोड अंग्रेजी में लिखकर साथ लावें ।
6. स्थाई शारीरिक गोदना सिर्फबाजू के अंदर के हिस्से (कोहनी के नीचले हिस्से से कलाई तक) एवं हथेली के पीछे हिस्से पर ही मान्य है । स्थायी शारीरिक गोदना शरीर के अन्य हिस्सों पर मान्य नहीं है और उम्मीदवार सेना भर्ती के लिए अयोग्य है और भर्ती प्रक्रिया से वंचित किया जायेगा । अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों जिनके चेहरे या शरीर पे मौजूदा रीति–रिवाजों व परंपराओं के अनुसार गोदना लगा हुआ है, उन्हें चयन प्रक्रिया के लिए अनुमति गोदना की जाँच पडताल के बाद दी जायेगी
7. उम्मीदवारों को सुझाव है कि डॉक्टरी जाँच से पहले छोटी–छोटी बिमारियाँ जैसे – खाँसी जुकाम, चर्मरोग, फ्लेट फुट आदि की जाँच करा कर आवें । कान के मैल की सफाई करवाकर आयें ताकि रिजेक्ट न हो ।
8. आपका चयन अस्थाई होगा । चयन के पश्चात स्थाई सूचना कार्यालय के द्वारा दी जाएगी ।
9. लिखित परीक्षा में सैनिक सामान्य ड्यूटी एवं ट्रेडसमैन के लिए निगेटिव अंक है अर्थात् हर गलत उत्तर पर आधा (0.5) अंक काटा जायेगा ।
10. यह दस्तावेज केवल प्रत्याशियों के सूचनार्थ दिया गया है । यह प्रपत्र किसी भी कानूनी कार्यवाही के लिए मान्य नहीं है । इसमें दिये गय नियमों और शर्तों में मुख्यालय के आदेशानुसार भर्ती प्रक्रिया में बदलाव किया जा सकता है ।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय रायपुर । दूरभाष – 0771 2573965 कम्प्यूटर पूछताछ अथवा मुख्यालय भर्ती कार्यालय (म.प्र. एवं छ.ग.) । दूरभाष 0761–2600242 (कम्प्यूटर पूछताछ) एवं जिला रोजगार अधिकारी कबीरधाम से संपर्क किया जा सकता है ।